आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 02.05.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची की सटीकता में सुधार लाने और मतदान प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए नए उपाय की शुरूआत।
2. उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी द्वारा दक्षता योजना की शुरूआत की गई।
3. पर्यटन विभाग आज डॉक्टर बी.आर. अम्बेडकर सभागार में एक विशेष स्क्रीनिंग कार्यक्रम आयोजित करेगा।
4. अंतरराष्ट्रीय खगोल विज्ञान दिवस कल मनाया जाएगा।

<><><><><><><>

निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूचियों की सटीकता में सुधार लाने और मतदान प्रक्रिया को नागरिकों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से नए उपाय शुरू किए हैं। आयोग अब मृत्यु पंजीकरण संबंधी आंकडे भारत के महापंजीयक से सीधे इलेक्ट्रोनिक रूप में प्राप्त करेगा। इससे यह सुनिश्चित हो सकेगा कि मतदाता पंजीकरण अधिकारियों को पंजीकृत मौतों के बारे में समय पर सूचना मिल सके। इससे बूथ स्तर के अधिकारियों–बीएलओ को भी क्षेत्रीय दौरों के जरिए सूचना की पुनः जांच करने में सुविधा होगी और उन्हें फॉर्म सात के अंतर्गत औपचारिक अनुरोध का इंतजार नहीं करना होगा। मतदाता सूचना पर्चियों को अधिक मतदाता–अनुकूल बनाने के लिए, आयोग ने उनके डिजाइन को संशोधित करने का निर्णय लिया है।

<><><><><><><>

मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में वेव्स शिखर सम्मेलन के हिस्से के रूप में भारत आज पहली बार ग्लोबल मीडिया डायलॉग की मेजबानी करेगा। वैश्विक मीडिया और मनोरंजन परिदृश्य के साथ भारत के जुड़ाव की दृष्टि से यह अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल चार दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। सूचना और प्रसारण मंत्रालय, ग्लोबल मीडिया डायलॉग का आयोजन विदेश मंत्रालय के सहयोग से कर रहा है। इसमें एशिया, यूरोप, अफ्रीका और अमरीका के प्रतिनिधिमंडलों सहित साठ से अधिक देशों के भाग लेने की संभावना है। संवाद का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को प्रोत्साहन, सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देना और वैश्विक मीडिया क्षेत्र की संभावनाओं में नीति समरूपण, प्रतिभाओं के एक दूसरे के यहां काम करने का अवसर और क्षमता वर्धन के उपाय तलाशना है।

<><><><><><><>

स्कूल और कॉलेज के छात्रों को आवश्यक जीवन और व्यावसायिक कौशल से लैस कराने के उद्‌देश्य से उपराज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने हाल ही में 'दक्षता' योजना की शुरूआत की। यह कार्यक्रम गर्मी की छुट्टियों और साप्ताहंत के दौरान आयोजित किया जाएगा, ताकि छात्रों की भागीदारी को अधिकतम किया जा सके और उनकी पढ़ाई में बाधा न आए। यह प्रशिक्षण पूरे द्वीप समूह के नौ कॉलेजों, संस्थानों और अड़तीस स्कूलों में दिया जा रहा है। प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए, प्रशिक्षण विभाग और शिक्षा विभाग ने सभी भाग लेने वाले छात्रों के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति ट्रैकिंग का प्रावधान किया है। विभाग ने अगले छह महीनों में नौ हजार से अधिक छात्रों को प्रशिक्षित करने की एक महत्वाकांक्षी योजना बनाई है।

<><><><><><>

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल के तहत और भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार, गुजरात और महाराष्ट्र का स्थापना दिवस कल राज निवास में मनाया गया। कार्यक्रम में गुजरात और महाराष्ट्र के लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर गुजरात और महाराष्ट्र पर वृत्तचित्र दिखाई गई।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग आज दोपहर बारह बजे डॉक्टर बी. आर. अंबेडकर सभागार में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त वन्यजीव फोटोग्राफर धृतिमान मुखर्जी के असाधारण कार्यों को प्रदर्शित करने के लिए एक विशेष स्क्रीनिंग कार्यक्रम आयोजित करेगा। इस कार्यक्रम में धृतिमान मुखर्जी की मनोरम तस्वीरों और वीडियो की प्रस्तुति के माध्यम से द्वीप समूह की दुर्लभ झलक सहित भारत की प्राकृतिक विरासत की सुंदरता और जैव विविधता को दर्शाया जाएगा।

<><><><><><><>

पूरे विश्व के साथ–साथ द्वीपसमूह में भी कल अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया गया। इस दिन का उददेश्य श्रमिक वर्ग के योगदान को सम्मानित करना और उनके अधिकारों को बढ़ावा देना है। सीटू की ओर से कल पूरे द्वीप समूह में भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर श्रमिक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रैली निकाली गई, जो दिलानीपुर जंक्शन से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए तिरंगा पार्क में आकर सम्पन्न हुई। इसी तरह के कार्यक्रम द्वीपों के विभिन्न हिस्सों में भी आयोजित किए गए। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ट्रेड यूनियन की ओर से भी अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर रैली का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय खगोल विज्ञान दिवस कल मनाया जाएगा। इस अवसर पर द्वीपों में खगोल पर्यटन के विशिष्ट क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए, पर्यटन विभाग अंडमान स्टारगेजिंग के सहयोग से कल शाम छह बजे से रात आठ बजे तक कार्वाइंस कोव बीच पर पेशेवर दूरबीन का उपयोग कर ग्रहों, चंद्रमाओं और तारों के खगोलीय अवलोकन पर एक सत्र आयोजित करेगा। द्वीप समूह भूमध्य रेखा के करीब होने के कारण, स्टार गेजिंग और खगोल फोटोग्राफी के लिए एक आदर्श गंतव्य है। आगंतुकों को विशेषज्ञ खगोल कम्युनिकेटर द्वारा निर्देशित दूरबीन अवलोकन के माध्यम से खगोलीय अजूबों को देखने का अनूठा अवसर मिलेगा।

<><><><><><><>

पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग ने विश्व पशु चिकित्सा दिवस और एरोन्ग में समग्र पशुधन फार्म की स्थापना के ग्यारह साल पूरे होने के उपलक्ष्य में एक दिवसीय मेला आयोजित किया। यह कार्यक्रम पेरका के एडवर्ड कुचट पार्क में आयोजित किया गया। इस अवसर पर निकोबार जिला उपायुक्त अमित काले, मुख्य अतिथि और पुलिस अधीक्षक राहुल नायर सम्माननीय अतिथि थे। मेले में मूल्य वर्धित उत्पादों पर एक खाद्य स्टॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न गांवों के स्वयं सहायता समूहों ने भाग लिया। विश्व पशु चिकित्सा दिवस समारोह के भाग के रूप में, विभाग ने आईटीआई संस्थान में जागरूकता शिविर, स्कूलों में चित्रकला प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित किए। कार्यकम में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

<><><><><><><>

कौशल विकास, पुनर्वास एवं सशक्तिकरण के लिए समग्र क्षेत्रीय केंद्र की ओर से दिव्यांगजनों के लिए रोज़गार मेले का आयोजन किया जाएगा। समाज कल्याण निदेशालय, रोजगार एवं प्रशिक्षण निदेशालय और अन्य प्रमुख हितधारकों के इस सहयोग का उद्देश्य नियोक्ताओं के लिए कुशल एवं महत्वाकांक्षी दिव्यांगजनों के लिए समावेशी रोजगार को बढ़ावा देना है। इस मेले में सभी सरकारी विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, निजी कंपनियों, आतिथ्य और पर्यटन व्यवसायों, अस्पतालों और बैंकिंग और सेवा क्षेत्रों और एमएसएमई भाग ले सकते हैं। इच्छुक व्यक्ति आठ मई को दोपहर तीन बजे तक ब्रुक्साबाद स्थित सी आर सी में आयोजित होने वाली प्री–इवेंट समन्वय बैठक में भाग ले सकते हैं।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

उप राज्यपाल द्वारा द्वीपों के युवाओं के लिए जीवन एवं व्यावसायिक कौशल के माध्यम से छात्रों में बदलाव लाने की दिशा में दक्षता योजना की शुरूआत किए जाने की समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। अखबार ने सांसद विष्णु पद रे के नई दिल्ली में गृह सचिव गोविन्द मोहन से मुलाकात के समाचार को भी प्रमुखता दी है। पर्यटन विभाग की ओर से डॉक्टर बी.आर. अम्बेडकर सभागार में वन्य जीव फोटोग्राफर घृतिमान मुखर्जी के कार्य के विशेष स्क्रीनिंग आयोजित करेगा–द्वीप समाचार की खबर है। साथ ही अखबार ने समाज कल्याण विभाग की ओर से सीपीघाट में महिला सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को भी प्रथम पृष्ठ के निचले भाग में प्रकाशित किया है। स्वास्थ्य सेवा निदेशालय द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से सांप के कांटने से होने वाले विष के रोकथाम और नियंत्रण पर वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को अण्डमान क्रोनिकल में जगह मिली है।

<><><><><><><>